मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 22/01/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 343/2025
22 जनवरी 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
====================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, केंद्रीय कमेटी एवं केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा ने गुमला जिले के डुमरी प्रखंड के सिरसी गांव में 3 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले सिरसी- ता- नाले दर्शन यात्रा (वार्षिक पूजा -प्रार्थना कार्यक्रम) में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति ने अपनी मांग से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष श्री अजय तिर्की, कोषाध्यक्ष श्री प्रकाश हंस, संरक्षक श्री सचिन कच्छप, श्री मुन्ना उरांव एवं राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नीरज मुंडा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री छोटेलाल करमाली, राष्ट्रीय महासचिव श्री जलेश्वर उरांव, राष्ट्रीय सचिव श्री करमा उरांव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बिरसा उरांव, प्रदेश धर्मगुरू श्री राजेश लिंडा, रामगढ़ राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला धर्मगुरू श्री संदीप उरांव, लोहरदगा जिला धर्मगुरू श्री फुलेश्वर उरांव के अलावा सोमदेव उरांव, श्रीमती जयंती उरांव, श्री कृष्ण भगत, श्री सुकेंदर भगत, बुंडू सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष श्री एतवा उरांव, श्री नूतन कच्छप श्री सुधु भगत एवं श्री भूलेश्वर भगत प्रमुख रूप से शामिल थे।

###

==================

TeamPRD(CMO)